आज का मौसम
आसमान में आज तेज धूप खिली रहेगी।
37.0⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.23 | सूर्यास्त 07.20

लखनऊ, बरेली व मुरादाबाद से प्रकाशित

अमृत विचार

वर्ष 30, अंक 173, पृष्ठ 12, मूल्य : 3 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

महेंद्र सिंह धोनी हैं क्रिकेट के सबसे बड़े सुपर स्टार : ब्रावो ...11

लखनऊ, रविवार, 14 जून 2020
www.amritvichar.com

दीपिका सेल्फ लव के साथ वीकेंड के स्वागत की तैयारी में...12

एसएमएस कॉलेज लिम्का बुक के रिकार्ड में दर्ज

अमृत विचार लखनऊ

राजधानी का पहला इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कॉलेज स्कूल ऑफ मैनेजमेंट सांइस (एसएमएस) लिम्का बुक रिकार्ड में दर्ज हुआ है। कॉलेज की ओर से वर्ष 2012 से लगातार वैश्विक तापमान (ग्लोबल-वार्मिंग) व जलवायु परिवर्तन पर जनमानस में चेतना जगाने का सघन कार्य चल रहा है। इस प्रकार अभी तक लाखो जनमानस को जागृत कर पेड़-पौधे लगाने, बिजली की बचत हेतु एलइडी बल्ब का उपयोग करने, खेती में गोबर की खाद के उपयोग, सोलर लाईट व पम्प लगाने हेतु चेतना जगाई जा चुकी है। एसएमएस के सचिव शरद सिंह ने छात्र/छात्राओं को वधाई देते हुए यह जानकारी दी कि "स्कूल ओफ मैनेजमेंट साइंसेस, लखनऊ भारतवर्ष का पहला तकनीकी कालेज है जिसे मात्र चार-माह की अवधि में जिलों में स्थित शिक्षण संस्थानों के माध्यम से 45000 लोगो में ग्लोबल-वार्मिंग से उत्पन्न समस्याओं व निराकरण के अभियान के लिए 'लिम्का बुक रिकार्ड' में स्थान दिया गया है। उक्त समारोह में, निदेशक-डा. मनोज महरोत्रा, महानिदेशक (तकनीकी) डा. भरत राज सिंह, मुख्यमहाप्रंधकडा. जगदीश सिंह, डा. धर्मेन्द्र सिंह, महाप्रबन्धक सुरेन्द्र श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष – डा. पी.के.सिंह, डा. हेमंत कुमार सिंह, डा. अमरजीत सिंह, अपर-महाप्रबन्धक-श्री प्रवीन सिंह आदि उपस्थित रहकर अभियान को विश्वव्यापी बनाने पर सहमति जतायी।